अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध/तत्काल।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0 मोड, एवं निजी क्षेत्र की संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0-6/2025/ 644 लखनऊः दिनांकः- 08.05.2025

विषयः सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा मई-जून 2025 के सुचितापूर्ण संचालन हेतु एडमिट कार्ड जारी किये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सूच्य है कि सम समेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर, परीक्षा मई-जून 2025 की इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा दिनांक 14/05/2025 से 06/06/2025 के मध्य तथा फार्मेसी पाठयकम की परीक्षा दिनांक 09/06/2025 से 17/06/2025 तक परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर होना सुनिश्चित है। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के एडमिट कार्ड संस्था लॉगिन एवं स्टूडेण्ट लॉगिन पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। छात्र/छात्राओं को एडमिट कार्ड उपलब्ध कराने एवं परीक्षा में सम्मिलित कराने संबंधी निर्देश निम्नवत् हैः-

1. सभी संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक दिनांक 13/05/2025 की सांय 05:00 बजे तक अपनी संस्था में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को शील/संस्था मुहर लगाकर हस्ताक्षर करते हुए एडमिट कार्ड उपलब्ध करायेगें।
2. संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक की शील एवं हस्ताक्षर के बिना एडमिट कार्ड वाले परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जायेगा।
3. यदि किसी संस्था के छात्र/छात्रा द्वारा परीक्षा फार्म नहीं भरा गया है तो उसे किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जायेगा।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्देशों का पालन करते हुए समयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0ः प्राशिप/अनु0-6/2025/ 645-49 तद्‌दिनांकः- 08.05.2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को अपर मुख्य सचिव, महोदय के सादर अवगतार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0 कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र दौराला, मेरठ।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव